न्यूज़लेटर

1-30 सितम्बर, 2025

वोट चोरी फैक्ट्री का खुलासा

18 सितंबर को राहुल गांधी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें उन्होंने वोट चोरी की केंद्रीकृत प्रकृति का खुलासा किया। उन्होंने ऐसे ठोस सबूत पेश किए जिनसे यह स्पष्ट हुआ कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने वोट चोरों को बचाने का काम किया है। राहुल गांधी ने बताया कि 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनावों के दौरान आलंद विधानसभा क्षेत्र में 6,018 मतदाताओं को हटाने की साजिश रची गई थी। कर्नाटक CID ने दोषियों की पहचान करने की कोशिश की, लेकिन चुनाव आयोग अभी तक महत्वपूर्ण जानकारियां नहीं दे रहा है।

प्रेस कांफ्रेंस यहां देखें।

तैयार रहिये, हाइड्रोजन बम आने वाला है!

अति पिछड़ा वर्ग के न्याय की ओर बढ़ते कदम



अति पिछड़ा न्याय संकल्प पत्र यहां पढ़ें।

राहुल गांधी ने पटना, बिहार में कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश राम, राजद के तेजस्वी यादव और वीआईपी के मुकेश सहनी के साथ मिलकर अति पिछड़ा न्याय संकल्प पत्र जारी किया। यह क्रांतिकारी घोषणापत्र बहुजन समुदायों, विशेष रूप से बिहार में अत्यंत पिछड़े वर्ग के लिए प्रतिनिधित्व और अवसर की कमी को स्वीकारता है। इसमें दस गारंटियों का वादा किया गया है, जिनमें 50% आरक्षण की दीवार तोड़ना, अति पिछड़ा अत्याचार निवारण अधिनियम और शहरी क्षेत्रों में भूमिहीन बहुजनों के लिए 3 डेसिमल आवासीय भूमि उपलब्ध कराना शामिल है।

पंजाब के साथ एकजुट

वीडियो यहां देखें।

राहुल गांधी ने पंजाब के अमृतसर और गुरदासपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया, जहां उन्होंने विस्थापित परिवारों और किसानों से मुलाकात की। स्थानीय निवासियों ने उन्हें वह स्थान दिखाए जहां कभी उनके घर हुआ करते थे, और बताया कि केंद्र और राज्य की ओर से मिली मदद अपर्याप्त है। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को भी पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने ₹1,600 करोड़ की प्रारंभिक राहत राशि को बढ़ाने की अपील की, क्योंकि वास्तविक नुकसान लगभग ₹20,000 करोड़ रुपये का था।

साथ ही, राहुल गांधी का प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र यहां पढ़ें।

झलकियां

रायबरेली में दिशा बैठक की अध्यक्षता कर विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

रायबरेली, उत्तर प्रदेश में प्रजापति समाज महासभा में भाग लिया।

मॉरीशस गणराज्य के प्रधानमंत्री डॉ नवीनचंद्र रामगुलाम से कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी जी के साथ मुलाकात की।

गुजरात के जूनागढ़ में कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी के साथ जिला कांग्रेस कमेटी प्रशिक्षण शिविर को संबोधित किया।

केरल के वायनाड में श्री नारायण धर्म परिपालना योगम में श्री नारायण गुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की।

केरल के वायनाड में सोनिया गांधी जी के साथ बनासुरा स्पाइस एवं आयुर्वेदिक गार्डन का दौरा किया।

डॉ. मनमोहन सिंह के जन्मदिवस पर इंदिरा भवन, दिल्ली में डॉ. मनमोहन सिंह केंद्र एवं पुस्तकालय का उद्घाटन किया।

न्यूज़लेटर को सब्सक्राइब करने के लिए यहां क्लिक करें